रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक: 14.07.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेलटेल ने भारत की अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनियों में से एक कंपनी वाधवा ग्रुपके साथ करार किया है,जिसके अंतर्गत उनकी वाधवा वाइज़ सिटी, पनवेल, नवी मुंबई में रेलटेल इंटरनेट और डीटीएच के लिए ब्रॉडबैंड इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का काम करेगा।**

**करार के अंतर्गत, रेलटेल एक आधुनिकतम वायर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के प्लान, डिजाइन और सृजन के लिए निवेश करेगा, जो वाधवा वाइज़ सिटी में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा, केबल टीवीसर्विसेस/डीटीएचसर्विसेस और अन्य वैल्यू एडिड सर्विसेस (वीएएस) देने में सक्षम होगा। इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए यह किसी निजी रियलिटी डेवलपर के साथ रेलटेल का अपनी तरह का पहला करार भी है।**

**हमारा ध्यान इस टाउनशिप के निवासियों के लिए बहुत ही मामूली अतिरिक्त लागत पर एक आधुनिकतम इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर केंद्रित होगा : श्रीमती अरुणा सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल।**

**रेलटेल के साथ इस भागीदारी से सुनिश्चित होगा कि वाधवा वाइज़ सिटी को उत्कृष्ट श्रेणी का इंटरनेट प्राप्त हो और इस इंफ्रास्ट्रक्चर से वैल्यू एडिड सर्विसेस दी जा सके : श्री नवीन मखीजा, प्रबंध निदेशक, वाधवा ग्रुप।**

*********

रेल मंत्रालय के एक मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने भारत की अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपमेंट कंपनियों में से एक कंपनी वाधवा ग्रुप के साथ एक करार किया है, जिसके अंतर्गत उनकी वाधवा वाइज़ सिटी, पनवेल, नवी मुंबई में रेलटेल इंटरनेट और डीटीएच के लिए ब्रॉडबैंड इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का काम करेगा।

करार के अंतर्गत, रेलटेल एक आधुनिकतम वायर्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के प्लान, डिजाइन और सृजन के लिए निवेश करेगा, जो वाधवा ग्रुप द्वारा विकसित एक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, वाधवा वाइज़ सिटी में हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड सेवा, केबल टीवी सर्विसेस/डीटीएच सर्विसेस और अन्य वैल्यू एडिड सर्विसेस (वीएएस) देने में सक्षम होगा। वाधवा वाइज़ सिटी 138 एकड़ में फैला एक इंटीग्रेटिड टाउनशिप प्रोजेक्ट है।

इस प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए यह किसी निजी रियलिटी डेवलपर के साथ रेलटेल का अपनी तरह का पहला करार भी है। रेलटेल द्वारा संपूर्ण एंड-टू-एंड इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया जाएगा और इसे स्मार्ट टाउनशिप के भीतर 10 वर्षों की अवधि के लिए वायर्ड और वायरलैस इंफ्रास्ट्रक्चर बिछाने के विशेषाधिकार प्राप्त होंगे। रेलटेल अपने "रेलवायर" ब्रांड नाम के तहत ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विसेस उपलब्ध कराएगा।

साथ ही रेलटेल बिजनेस के अनुमान के अनुरूप रेलवायर ट्रैफिक की संभाल के लिए क्षमता का विस्तार करेगा तथा एक लचीले नेटवर्क की योजना भी तैयार करेगा। वाधवा वाइज़ सिटी के निवासियों के लिए नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलटेल रेलवायर पॉप्स भी क्रिएट करेगा।

**इस संबंध में बोलते हुए श्रीमती अरुणा सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल**ने कहा कि, "रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है। 'रेलवायर' के नाम से रेलटेल की राष्ट्रव्यापी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विसेस अपनी विश्वसनीयता और सस्ते किराये के कारण बहुत प्रसिद्ध हैऔर इसके सब्सक्राइबर्स की संख्या पूरे देश में लगभग 4.6 लाख+सब्सक्राइबर हो चुकी है। हाल ही में रेलटेल ने रेलवायर ग्राहकों के लिए 13 ओवर-दि-टॉप सर्विसेस

के साथ टूली अनलिमिटेड ब्रॉडबैंड प्लान लांच किए हैं। रेलटेल द्वारा अनेक क्षेत्रों जैसे रेलवे, रक्षा, कोयला, स्वास्थ्य, शिक्षा के सेक्टर इत्यादि में संतोषजनक सेवाए प्रदान की जाती हैं। वाधवा वाइज़ सिटी जैसे एक बड़े टाउनशिप में इस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए यह हमारा पहला करार है और हम इसे कुशलतापूर्वक क्रियान्वित करेंगे। हमारा ध्यान इस टाउनशिप के निवासियों के लिए बहुत ही मामूली अतिरिक्त लागत पर एक आधुनिकतम इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर केंद्रित होगा। हमारे प्रयास होंगे कि इस प्रकार के और करार प्राप्त किए जाएं।"

**इस करार के संबंध में बताते हुए श्री नवीन मखीजा, प्रबंध निदेशक, वाधवा ग्रुप ने कहा कि** "वाधवा वाइज़ सिटी, पनवेल का डिजाइन क्रेता की आर्थिक स्थिति और जीवनशैली को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। टाउनशिप की अवस्थिति अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के समीप है और सरकार का ध्यान पनवेल के विकास पर है, इसलिए इस क्षेत्र का अगले आर्थिक विकास वाले गलियारे के रूप में होना निर्धारित है। अतः, रेलटेल के साथ इस भागीदारी से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि वाधवा वाइज़ सिटी को इस इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का इंटरनेट और वैल्यू एडिड सर्विसेस मिल सकें।"

**रेलटेल के बारे में :**

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र काएक उपक्रम "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटीसर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, इसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY पैनल वाले टीयर-III के दो डेटा सेंटर भी हैं। रेलटेल की गतिविधियां विभिन्न प्रमाणनों के द्वारा प्रमाणीकृत हैं जिनमें कंपनी के क्वालिटी मेनेजमेंट सिस्टम्स, इंफोर्मेशन सिक्योरिटी मेनेजमेंट सिस्टम्स और सर्विस मेनेजमेंट सिस्टम के लिए क्रमशःआईएसओ 9001:2015, आईएसओ 20000-1:2013 और सीएमएम लेवल-4 प्रमाणन शामिल हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य भी किया जा रहा है और इस समय 6100+ स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र** :

**sucharita@railtelindia.com**